राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल की रामदेव जयन्ती व तेजा दशमी पर शुभकामनाएं

जयपुर, 5 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रामदेव जयन्ती व तेजा दशमी (5सितम्बर) पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि लोक देवता रामदेवजी और तेजाजी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हमें दीन– दुखियों की सेवा करनी चाहिए और प्राणी मात्र के प्रति दया भाव रखना चाहिए।

———

## राज्यपाल की शिक्षक दिवस पर शुभकामनाएं

जयपुर, 4 सितम्बर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने शिक्षक दिवस (5 सितम्बर) पर सभी शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षक एवं विचारक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को स्मरण करते हुए शिक्षकों से अपने विद्यार्थियों को पुस्तकीय और व्यवहारिक ज्ञान के साथ– साथ उदात्त जीवन मूल्यों, आदर्शों और संस्कृति की शिक्षा प्रदान करने का भी आह्वान किया।

———